प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

युवा दिवस

महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती आज राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक संदेश में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवाशक्ति के लिए प्रेरणा के शक्तिशाली स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व और उनके कार्य विकसित भारत के संकल्प को निरंतर नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कामना की है कि ये अवसर सभी देशवासियों, विशेषकर युवा साथियों के लिए नई शक्ति और नया आत्मविश्वास लेकर आएगा।

....

अग्निकांड

सोलन ज़िले में अर्की स्थित पुराने बस अड्डे के समीप बीती रात भीषण अग्निकांड में एक 8 वर्षीय प्रवासी बच्चे की मौत हो गई। इस घटना में अभी भी कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने भी मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है और प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।

....

चिलगोज़ा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला से भूटान के लिए चिलगोज़े के 5 हज़ार पौधो से भरे एक ट्रक को हरी झंडी दिखाई। राज्य वन विभाग का भूटान के साथ एक समझौता हुआ है, जिसके तहत ये पौधे भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग अपने संसाधनों से आय जुटाने का कार्य कर रहा है और इसी प्रक्रिया के तहत ये पौधे भूटान भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि प्रदेश सरकार की आय के साधन बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भूटान के वन विभाग के अधिकारियों को चिलगोज़ा के पौधे उगाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भूटान के वन विभाग की टीम जल्द ही प्रदेश का दौरा करेगी।

....

सीएम–पंचायत चुनाव

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले का राज्य सरकार अध्ययन कर रही है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपारिक बातचीत में कहा कि आगामी अप्रैल या मई माह से पहले सरकार चुनाव करवाने के पक्ष में है।

....

मत्स्य उत्पादन

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में मत्स्य उत्पादन वर्ष 2024–25 में एक सौ 6 प्रतिशत वृद्धि के साथ लगभग एक सौ 98 लाख टन हो गया है। इससे पहले यह वर्ष 2013–14 में 95 लाख टन था। मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्रालय के अनुसार, मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लगभग तीन करोड़ मछुआरों और मछली पालकों को आजीविका प्रदान करता है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वैश्विक उत्पादन में इसका योगदान आठ प्रतिशत है।

....